**आकाशवाणी शिमला**
**28.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के बीच, आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना और नागरिकों के हितों की रक्षा करना सरकार की विशेष प्राथमिकता।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–भ्रष्टाचार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा–माईनिंग माफिया के खिलाफ और तेज की जाएगी कार्रवाई।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प–सरकार नशे पर काबू करने में असफल।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से फीस बढ़ौतरी पर नकेल कसने के लिए नियमों में संशोधन करेगी राज्य सरकार ।
- आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार से जल्द स्थाई नीति बनाने और नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने का किया आग्रह।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के बीच आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, नागरिकों के हितों की रक्षा और उद्योग व आपूर्ति व्यवस्था को मज़बूत करना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने यह बात कल शाम राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ एक उच्च–स्तरीय वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता के दौरान कही। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने सतर्कता, पहले से योजना बनाने और केंद्र व राज्यों के बीच बिना किसी रुकावट के तालमेल बनाए रखने पर ज़ोर दिया। उन्होंने देश पर किसी भी संभावित असर को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए टीम इंडिया के रूप में मिलकर काम करने का आह्वान किया। नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया कि टीम इंडिया के तौर पर मिलकर काम करते हुए देश उभरती हुई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर लेगा। उन्होंने कहा कि बदलती स्थिति के बीच लगातार नज़र बनाए रखने और तेज़ी से बदलते हालात के हिसाब से कदम उठाने की ज़रूरत है।

**मन की बात**

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 132वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज.ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए आई आर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार की तुलना में प्रदेश में अपराधों में 6 फीसदी की कमी आई है। विधानसभा में उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधों पर पूरी तरह से नियंत्रण है और 2023 से 2025 तक पूर्व सरकार की तुलना में कम मामले दर्ज हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की सक्रियता के चलते मादक पदार्थों के 39 प्रतिशत अधिक मामले पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और भ्रष्टाचार व माइनिंग माफिया के खिलाफ कार्रवाई को और तेज किया जाएगा।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। विधानसभा में कटौती प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक हजार 5 सौ 34 लोगों के गुमशुदगी के मामले दर्ज हैं

जबकि हत्या के 2 सौ 39 और दुष्कर्म के एक हजार 11 मामले दर्ज हो चुके हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राज्य में नशे का प्रचलन बढ़ रहा है और सरकार इसे काबू करने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों का नशे की तस्करी में संलिप्त होना चिंता जनक है।

**विधानसभा सत्र**

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण की आज नौवीं बैठक होगी। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता——

डिस्पैच —— ***सदन में अनुमानों की अनुदान मांगों का प्रस्तुती करण, चर्चा व मतदान होगा। विपक्ष की तरफ से सदन में चर्चा के लिए कृषि, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग सहित कई कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे। बीते कल भी कटौती प्रस्ताव में चर्चा के दौरान विपक्ष ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर तीखा प्रहार किया था आज भी सदन में तल्खी देखने को मिल सकती है। बजट सत्र का दूसरा चरण 2 अप्रैल तक चलेगा। सत्र के पहले चरण में 16 से 18 फरवरी तक तीन बैठकें आयोजित की गईं थीं।***

**महिला आयोग**

महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर ने महिलाओं के प्रति अत्याचार, छेड़छाड़ व घरेलू हिंसा के मामलों में संवेदनशिलता के साथ सशक्त कार्रवाई करने पर बल दिया है। कुल्लू जिले के मनाली में एक समीक्षा बैठक में उन्होंने पुलिस विभाग को पर्यटक मित्र योजना तैयार करने का सुझाव दिया जिससे पर्यटन को और बढ़ावा मिल सके। उन्होंने घरेलू हिंसा के मामलों में गैर सरकारी संस्थाओं व प्रोफेशनल काउंसलर्स को भी जोड़ने का सुझाव दिया ताकि पीड़ित महिलाओं को समुचित सहायता मिल सके।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से फीस बढ़ौतरी पर नकेल कसने के लिए राज्य सरकार नियमों में संशोधन करेगी। विधानसभा में प्रश्न काल के दौरान उन्होंने कहा कि फीस निर्धारण को लेकर स्पष्ट और सख्त व्यवस्था लागू की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उतर प्रदेश, दिल्ली, तमिलनाडू, कर्नाटक और हरियाणा सहित कई अन्य राज्यों में इस तरह के संशोधन किए जा चुके हैं उन्होंने कहा कि अभिवावकों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को देखते हुए सरकार अब इस मुद्दे पर गम्भिरता से कदम उठाने जा रही है।

**आउटसोर्स**

आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार से जल्द स्थाई नीति बनाने और नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। अपनी मांग को लेकर आउटसोर्स कर्मचारियों ने कल शिमला के चौड़ा मैदान में जोरदार धरना प्रदर्शन भी किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में संघ के संयोजक अश्विनी शर्मा ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारी पिछले 15 वर्षों से विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे हैं मगर आज भी उनका भविष्य असुरक्षित है।

***आउटसोर्स कर्मचारी हर एक विभाग में लगभग पिछले 15—20 वर्षों से काम करता आ रहा है लेकिन इतने लम्बे समय से काम करने के बाद भी उनकी नौकरी सुरक्षित नहीं है तो इतने लम्बे समय से काम करने से हमारी मुख्य पहली मांग यही है कि हमारी नौकरी सुरक्षित हो 58 साल तक हर कर्मचारी की नौकरी सुरक्षित की जाए और हमारी दूसरी मांग है सम्मान काम समान वेतन।***

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने पैट्रोल व डीज़ल पर उत्पाद शुल्क में की गई कमी के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट और पश्चिम एशिया में जारी अस्थिरता के बीच लिया गया यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मजबूत और जनहितकारी नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। बिंदल ने कहा कि इससे देश के प्रत्येक नागरिक को सीधी राहत मिलेगी और मंहगाई को नियंत्रण करने में भी यह निर्णय कारगर साबित होगा।

**क्षयरोग**

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम केंद्र सरकार की एक प्रमुख स्वास्थ्य पहल है जिसका उदेश्य देश से तपेदीक को खत्म करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऊना जिला में भी टी.बी. दर में बड़े पैमाने पर बढ़ौतरी की गई है। हमारे ऊना जिला संवाददाता ने बताया कि क्षयरोग उन्मूलन को लेकर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

***राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के माध्यम से ऊना जिला में टीबी जांच की दर में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी की गई है । इस कार्यक्रम को अधिक बल देने के उद्देश्य से ज़िला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को पोर्टबल एक्सरे मशीनें उपलब्ध कारवाई । ज़िला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से क्षय रोग उन्मूलन का एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें टीमें घर–घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं और निक्षय वाहनों के माध्यम से संभावित रोगियों की एक्सरे जांच व बलगम के नमूने उनके घर द्वार पर एकत्रित किए जा रहे हैं । ऊना जिला में गत वर्ष लगभग 31 हजार संभावित रोगियों की जांच की गई जिन में से 800 टीबी के मरीज दर्ज किए गए । हिमाचल प्रदेश में ऊना ज़िला, टीबी मुक्त भारत के तहत सभी श्रेणियों में अब तक अव्वल चल रहा है। आकाशवाणी शिमला के लिए मैं ऊना से राजेश कुमार।***

**आईपीएल – दूसरा चरण**

आई.पी.एल. क्रिकेट का 19वां सत्र आज शाम बेंगलुरु में शुरू होगा। उदघाटन मैच में मौजूदा चौंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। यह मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। दो महीने चलने वाला यह टूर्नामेंट 31 मई तक चलेगा।

**एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** की ख़बर है– **शून्य छात्र संख्या वाले 36 सरकारी प्राईमरी स्कूल बंद–तीन मिडल स्कूल मर्ज।** पंजाब केसरी की एक ख़बर है–**हिमाचल में बोतल बंद पेयजल में लगा नया टैक्स।** हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान को सुर्खी दी है–**ऑडिट में निकला है एक सौ करोड़ का संभावित घोटाला।**

**विपक्ष ने सरकार को भ्रष्टाचार पर घेरा कहा–प्रदेश में योगी मॉडल की जरूरत**–दैनिक जागरण की एक ख़बर है।

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है– **हिमाचल में आज से पश्चिमी विक्षोभ होगा सक्रिय 30 तक पहाड़ों बर्फबारी।**

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के बीच, आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना और नागरिकों के हितों की रक्षा करना सरकार की विशेष प्राथमिकता।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–भ्रष्टाचार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा–माईनिंग माफिया के खिलाफ और तेज की जाएगी कार्रवाई।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प–सरकार नशे पर काबू करने में असफल।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से फीस बढ़ौतरी पर नकेल कसने के लिए नियमों में संशोधन करेगी राज्य सरकार ।
- आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार से जल्द स्थाई नीति बनाने और नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने का किया आग्रह।

———————————